**खबर संक्षेप**

## मैहर तक 375 किमी की 14 दिवसीय मैहर पदयात्रा को पूरा करेंगे सांसद

**छिन्दवाड़ा।** धर्म के प्रति विशेष आस्था रखने वाले संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू अब छिन्दवाड़ा से सिवनी और जबलपुर होते हुए मैहर तक 375 किलोमीटर की धार्मिक पदयात्रा करेंगें। छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा के जिलेवासियों की सुख, समृद्धि, वैभव और शांति के लिए सांसद की इस धार्मिक पदयात्रा की शुरूआत सांसद बंटी विवेक साहू के छिंदवाड़ा स्थित निवास स्थान से 01 जुलाई को दोपहर 1 बजे से होगी, 14 दिन की यह पदयात्रा 14 जुलाई को मैहर में संपन्न होगी। उल्लेखनीय है कि इस 14 दिवसीय धार्मिक पदयात्रा के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू बारिष के मौसम में सैंकड़ों गांवों कई शहरों एवं जंगलों से होते हुए अपने दृढ़ संकल्प के साथ इस पदयात्रा को पूरा करेंगें। सांसद बंटी विवेक साहू की इस 14 दिवसीय पदयात्रा में शामिल होने के इच्छुक पदयात्रियों का पंजीयन सांसद कार्यालय छिन्दवाड़ा में प्रारंभ कर दिया गया हैं। पदयात्रा में शामिल होने वाले पदयात्री सांसद कार्यालय पहुंचकर अपना पंजीयन करा सकते है। पदयात्रा के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू मार्ग में पड़ने वाले गांवों, शहरों और कस्बों में वरिष्ठजनों एवं माताओं से पदयात्रा की सफलता के लिए आषीर्वाद भी प्राप्त करेंगे।

## दिव्य दिंडी यात्रा की बनी रूपरेखा

**छिंदवाड़ा।** आषाढ़ी एकादशी के पावन पर्व पर श्री विठ्ठल रुक्मणी के चरणों मे अर्पित की जाने वाली दिंडी यात्रा को दिव्य और भव्य रूप से मनाने का संकल्प व्यक्त किया गया। शिव गजानन मंदिर में आयोजित भव्य बैठक में सुधाकर ओकटे ने अध्यक्षता की , बैठक के आरम्भ में आनंद बक्षी ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी पर प्रकाश डाला । बैठक को संबोधित करते हुए देवेंद्र निकाजू ने कहा कि धर्म नगरी छिंदवाड़ा की दिंडी यात्रा पूरे मध्य प्रदेश में प्रसिद्ध है । जैन शिरपुरकर ने पारम्परिक दिंडीयों के संरक्षण एवं वारकरी परम्परा को जीवंत रखने हेतु अधिक से अधिक दिंडीयों की सहभागिता पर बल दिया , मातृशक्ति ने बड़ी संख्या में उपस्तिथ होकर दिंडी यात्रा को सफल बनाने का दृढ़ निश्चय किया । दिन्डि यात्रा में महिलाओं हेतु नीले रंग के वस्त्र पहनना सुनिश्चित किया गया एवं पुरुषों हेतु सफेद कुर्ता पैजामा धारण करने का निश्चय किया गया। आनंद बक्षी ने बताया कि इस वर्ष दिंडी यात्रा में महामंडलेश्वर श्री दादू महाराज जी अधिष्ठाता गजासीन शानिधाम इंदौर, महामंडलेश्वर नागेन्द्र ब्रम्हचारी जी आदि मौजूद रहे।

### दो युवकों के बीच मामूली कहासुनी ने लिया हिंसक रूप, बीच-बचाव करने वाला भी घायल, दो गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर

# मंधान डेम की पिकनिक बनी खूनी संघर्ष, चाकू-पत्थर से हमला, तीन युवक घायल







हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

पिकनिक की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब मंधान डेम में घूमने गए युवकों के बीच मामूली विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। बड़कुही पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत मंधान डेम में रविवार को पिकनिक मनाने पहुंचे युवकों के दो गुटों के बीच कहासुनी के बाद चाकू और पत्थरों से हमला हो गया। इस हिंसक झड़प में तीन युवक घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल छिंदवाड़ा रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार परासिया के वार्ड क्रमांक 1 एवं 2 स्थित रिंक टॉकीज क्षेत्र से लगभग 10 से 12 युवक मंधान डेम में पिकनिक मनाने पहुंचे थे। दोपहर के दौरान खाना बनाने और आपसी बातचीत के बीच किसी बात को लेकर रवि पाल उर्फ मोटा और इम्तियाज उर्फ छोटू के बीच विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते दोनों के बीच कहासुनी मारपीट में बदल गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद के दौरान एक युवक ने सब्जी काटने वाले चाकू से हमला कर दिया, जिससे इम्तियाज उर्फ छोटू के गले में गंभीर चोट आई। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से पत्थर फेंका गया, जो रवि पाल के सिर पर लगा और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों के बीच चल रही मारपीट को रोकने के लिए बीच-बचाव करने पहुंचे नासिर भी हमले की चपेट में आ गए। उनकी पीठ के बगल में चोट आई है।

घटना के बाद पिकनिक स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। साथ गए अन्य युवकों ने तत्काल तीनों घायलों को वाहन से न्यूटन पुलिस चौकी पहुंचाया। सूचना मिलते ही पुलिस ने घायलों को तत्काल परासिया सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। रवि पाल और इम्तियाज की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल छिंदवाड़ा रेफर कर दिया गया, जबकि नासिर का उपचार स्थानीय स्तर पर जारी है। घटना की सूचना मिलते ही परासिया थाना प्रभारी ईश्वरी पटले तथा चांदामेटा थाना प्रभारी खेलचंद पटले अस्पताल पहुंचे और घायलों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने घटनास्थल और अस्पताल पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में मामला आपसी विवाद का सामने आया है, हालांकि पुलिस सभी पक्षों के बयान दर्ज कर घटना के वास्तविक कारणों की पड़ताल कर रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घायलों के बयान और चिकित्सकीय रिपोर्ट मिलने के बाद संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद मंधान डेम क्षेत्र में कुछ समय के लिए लोगों की भीड़ लग गई, लेकिन पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया।

इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि मनोरंजन और पिकनिक के दौरान छोटी-छोटी बातों पर बढ़ता आक्रोश किस तरह गंभीर हिंसक घटनाओं का रूप ले रहा है। समय रहते साथियों के हस्तक्षेप और पुलिस की तत्परता से मामला और अधिक गंभीर होने से बच गया।

## चौरई बायपास पर दर्दनाक सड़क हादसा, अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौत

**चौरई।** चौरई बायपास पर शनिवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब तीनों युवक जामसांवली से मोटरसाइकिल पर अपने गांव लौट रहे थे। अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।चौरई पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान हर्ष यादव (22) पिता रवि यादव एवं प्रह्लाद उईके (25) पिता केशलाल उईके, निवासी फुटेरा मोहगांव खुर्द के रूप में हुई है। हादसे में सत्यम वर्मा, पिता विजयराम वर्मा, गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल छिंदवाड़ा रेफर किया गया है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।जानकारी के मुताबिक, तीनों युवक शनिवार रात करीब 10:30 बजे जामसांवली से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक चौरई बायपास स्थित सिद्धिविनायक लॉन के सामने पहुंची, पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि हर्ष यादव और प्रह्लाद उईके ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।सूचना मिलते ही चौरई पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाने के साथ दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। फरार वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि वाहन की पहचान होते ही आरोपी चालक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।इस हृदयविदारक हादसे से फुटेरा मोहगांव खुर्द गांव में शोक का माहौल है। दो युवकों की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



## अमृत हरित अभियान के अंतर्गत सीड बॉल निर्माण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा




अमृत हरित अभियान-2026 के अंतर्गत आज मॉडल फ्यूचर संस्था परिसर में जनभागीदारी आधारित सीड बॉल निर्माण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का गरिमापूर्ण आयोजन किया गया, जो शहर में पर्यावरण संरक्षण का एक प्रेरणादायी मॉडल बनकर उभर रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के एनयूएलएम (NULM) सिटी मैनेजर उमेश प्यासी, राजस्व निरीक्षक श्री ऋषभ स्थापक, मॉडल फ्यूचर संस्था एवं वार्ड क्रमांक-7 नगर विकास प्रस्फुटन समिति की अध्यक्ष आयशा लोधी, संस्था के कोषाध्यक्ष मोहम्मद इस्माइल कुरेशी, सह-सचिव शैलेंद्र उजवने, सदस्य कोशिमा रजक, स्व-सहायता समूह से वंदना भट्ट पगार तथा समाज कल्याण परिषद राजेश लिल्हारे, मो कलीम, मो अमीन सहित नगर निगम, स्व-सहायता समूहों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा कचरा प्रबंधन और स्वच्छता को बढ़ावा देते हुए कागज की लुगदी, गोबर एवं मिट्टी के अनूठे मिश्रण से पर्यावरण अनुकूल 'एक सीड बॉल—पाँच परिवर्तन' मॉडल पर आधारित सीड बॉल तैयार किए गए।

## 79.92 लीटर अवैध शराब जब्त, कार समेत 6 लाख का माल बरामद

### अमरवाड़ा पुलिस की कार्रवाई, तीन आरोपी गिरफ्तार, एक फरार, आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा




जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अमरवाड़ा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 79.92 लीटर अवैध शराब जब्त की है, जिसकी अनुमानित कीमत 60 हजार रुपये बताई गई है। कार्रवाई के दौरान शराब परिवहन में प्रयुक्त कार सहित कुल लगभग 6 लाख रुपये का मशरूका बरामद किया गया।

मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 28 जून को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ लोग कार में अवैध शराब लेकर बैतूल की ओर से अमरवाड़ा आ रहे हैं।

सूचना के आधार पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर वाहन को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर वाहन चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान कार से कुल 444 पाव (79.92 लीटर) देशी मसाला शराब बरामद की गई। जब्त शराब की कीमत करीब 60 हजार रुपये आंकी गई है। साथ ही शराब परिवहन में प्रयुक्त कार को भी जब्त कर लिया गया। जब्त मशरूका की कुल कीमत लगभग 6 लाख रुपये बताई गई है।पुलिस ने इस मामले में संजय धुर्वे (23), निवासी ग्राम बराई, विक्रम उर्फ बंटी (25), निवासी अमरवाड़ा तथा मनोज उर्फ छोटू (24), निवासी छिंदवाड़ा को गिरफ्तार किया है। वहीं एक अन्य आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

पुलिस का कहना है कि फरार आरोपी की तलाश जारी है तथा अवैध शराब तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम के अधिकारियों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पल्स पोलियो अभियान से प्रधानमंत्री के पोलियो मुक्त भारत को मिलेगा बलः सांसद

**छिन्दवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि भारत को पल्स पोलियों से पूरी तरह से मुक्त किया जाए। इस अभियान के तहत जिले सहित देश भर में पल्स पोलियों अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री के पल्स पोलियों मुक्त भारत को बल मिलेगा। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने जिला अस्पताल छिन्दवाड़ा में पल्स पोलियों अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने नन्हें बच्चों को पल्स पोलियों की खुराक पिलाकर अभियान की शुरूआत की। सांसद श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाना है। भारत तब ही आत्मनिर्भर बन सकता है जब यहा के लोग स्वस्थ और तंदरूस्त रहे। नन्हें बच्चों को पल्स पोलियों की खुराक पिलाने से उन्हें पोलियों से मुक्ति मिल रही है। नन्हें बच्चें स्वस्थ रहेंगे तो वे बड़े होकर आत्मनिर्भर भारत अभियान को आगे बढ़ाने में सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि छिन्दवाड़ा जिले में 2 लाख 33 हजार बच्चों को पल्स पोलियों की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। अब पालकों व अभिभावकों का भी फर्ज है कि वे भी आंगनवाड़ियों और स्वास्थ्य केन्द्रों में पहुंचकर अपने बच्चों को पल्स पोलियों की दो बूंद खुराक अवश्य पिलाए। इस अवसर पर महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष गरिमा प्रतीक दामोदर, वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, विश्वेन्द्र बैस, शंशाक चंदेल, जिला अस्पताल के डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टॉफ सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं परिवारजन उपस्थित थे।



## कल सिकल सेल रोगियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**छिन्दवाड़ा।** होम्योपैथी वेलफेयर एसोसिएशन छिन्दवाड़ा के द्वारा जिले के सिकल सेल रोगियों के लिए 30 जून को परासिया रोड छिन्दवाड़ा में स्थित पूजा लॉन में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। होम्योपैथी वेलफेयर एसोसिएशन छिन्दवाड़ा की अध्यक्ष डॉ. सपना साहू ने बताया कि सांसद बंटी विवेक साहू के मार्गदर्शन और विशेष सहयोग से होमियोपैथी का यह विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है। डॉ. सपना साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि 2047 तक देश से सिकल सेल रोग को समूल नाश करना है। इसी उद्देश्य को लेकर छिन्दवाड़ा में होम्योपैथी चिकित्सा के माध्यम से सिकल सेल रोगियों की जाँच एवं उनकी होम्यो चिकित्सा हेतु निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने छिन्दवाड़ा व पांढुरना जिले के सभी सिकलसेल रोगी इस शिविर में आकर इसका लाभ लेने की अपील की है। डॉ. सपना साहू ने बताया कि परासिया रोड छिन्दवाड़ा में स्थित पूजा लॉन में 30 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित इस विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सभी प्रकार के असाध्य रोगों जैसे दमा, ब्लड प्रेशर, जोड़ों और घुटनों के दर्द, महिलाओं संबंधित सभी रोग का निःशुल्क उपचार होम्योपैथिक पद्धति द्वारा किया जायेगा एवं दवाईयाँ भी प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि इस विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में पंजीयन के लिए डॉ. अंजु मौर्य, डॉ. क्षिप्रा गुप्ता, डॉ. कायुम, डॉ. कृष्णा चौधरी, डॉ. मिर्जा इशाक बेग सहित होम्योपैथी वेलफेयर एसोसिएशन के डॉक्टरों और सदस्यों से संपर्क किया जा सकता है।

## पहले दिन 16 हजार से अधिक बच्चों को पिलाई गई दवा

**सौंसर।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को विकासखंड सौसर में विशेष अभियान का शुभारंभ हुआ। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रुपेश बोकड़े के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग ने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो से सुरक्षित करने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की थीं।अभियान के प्रथम दिन का विधिवत शुभारंभ पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री नाना मोहोड़ के मुख्य आतिथ्य में वार्ड नंबर 12 स्थित छात्रावास से किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा ने भी उपस्थित होकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई, डॉ. रुपेश बोकड़े ने जानकारी दी कि विकासखंड के कुल 130 ग्रामों में 172 बूथ स्थापित किए गए थे। स्वास्थ्य विभाग की समर्पित टीम के प्रयासों से अभियान के पहले ही दिन कुल 16,393 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई गई। इस महत्वपूर्ण कार्य में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ज्योति बाघ, आशा कार्यकर्ता देवश्री बगवे, बीईई रविप्रसाद तुमराम, वीबीडी टेक्निकल सुपरवाइजर श्याम शर्मा, एसटीएस सुरेश सोमकुंवर ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। खंड चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जो बच्चे आज किन्हीं कारणों से बूथ तक नहीं पहुँच सके हैं, उन्हें छूटा हुआ नहीं माना जाएगा। अभियान के अगले चरण में स्वास्थ्य विभाग की टीमें स्कूलों और घर-घर जाकर सर्वे करेंगी और शेष रह गए सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाना सुनिश्चित करेंगी।



## जिले में अभी तक 95 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 95 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 144.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 28 जून 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 11.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 28 जून 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 35.8, मोहखेड़ में 19.4, अमरवाड़ा में 05, हर्रई में 1.8, बिछुआ में 1.4, परासिया में 1.2, जुन्नारदेव में 8.6, चांद में 13.2 और उमरेठ में 39.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 59.8, मोहखेड़ में 38.4, तामिया में 97, अमरवाड़ा में 111.6, चौरई में 49, हर्रई में 82.1, बिछुआ में 31.1, परासिया में 37.8, जुन्नारदेव में 82, चांद में 172.8 और उमरेठ में 119 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## बाट-माप विभाग में भ्रष्टाचार की 'मोहर'! दुकानदारों से अवैध वसूली के आरोप

### नवीनीकरण के नाम पर तय शुल्क से दोगुनी-तिगुनी वसूली, बिना मोहर और बिना टैग के चल रहे बाट व इलेक्ट्रॉनिक कांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई





बाट-माप विज्ञान विभाग की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्षेत्र के व्यापारियों ने विभाग और उसके अधिकृत एजेंटों पर नवीनीकरण के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है।

व्यापारियों का कहना है कि विभाग की मिलीभगत से तय शुल्क से कई गुना अधिक राशि वसूली जा रही है, जबकि बाजार में बिना मोहर वाले बाट और बिना नवीनीकरण टैग के इलेक्ट्रॉनिक कांटे खुलेआम संचालित हो रहे हैं।

नियमों के अनुसार प्रत्येक दो वर्ष में बाट, तराजू एवं इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन (कांटा) का सत्यापन कराया जाना अनिवार्य है। जांच के बाद बाट पर विभागीय मोहर और इलेक्ट्रॉनिक कांटे पर नवीनीकरण टैग लगाया जाता है। इसके बावजूद चौरई क्षेत्र के बाजारों में बड़ी संख्या में बिना सत्यापन वाले उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं के साथ घटतौली की आशंका बनी रहती है।

व्यापारियों का आरोप है कि विभाग द्वारा अधिकृत एजेंट ही नवीनीकरण और मरम्मत के नाम पर मनमानी वसूली कर रहे हैं। उनका कहना है कि 30 किलोग्राम क्षमता वाले इलेक्ट्रॉनिक कांटे के नवीनीकरण का निर्धारित शुल्क 250 रुपये है, लेकिन एजेंटों द्वारा 500 से 700 रुपये तक वसूले जाते हैं। अतिरिक्त राशि लेने का कारण विभागीय अधिकारियों को भुगतान बताकर व्यापारियों पर दबाव बनाया जाता है। कृषि मंडी, फल व्यापारियों, छोटे दुकानदारों एवं व्यापार मंडल के सदस्यों का कहना है कि इस मुद्दे को कई बैठकों में उठाया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। व्यापारियों ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई तथा निर्धारित शुल्क की पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

### सांसद ने परिवारजनों को जहां बधाया ढांढस वही दी 25-25 हजार की व्यक्तिगत आर्थिक सहायता राशि

# भीषण सड़क हादसे के दुखी परिवारजनों से मिले सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



छिंदवाड़ा-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर टेमनी खुर्द के समीप हुए भीषण सड़क हादसे के बाद से ही लगातार घटना पर नजर रखते हुए संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू घायलों के उपचार सहित उनके परिवारजनों की जानकारी ले रहे है। इसी के तहत सांसद श्री साहू ने ग्राम मछेरा और हथलेवा में उक्त अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक घटना मे दिवंगत हुए लोगों के घर जाकर जहा परिवारजनों से मुलाकात करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया वही मृतकों के परिजनों को व्यक्तिगत तौर पर 25-25 हजार की आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान की।

इस दौरान परिवारजनों से मुलाकात करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि इस दुखद और हृदयविदारक घटना में जिन परिवारों ने अपनों को खोया है उनके साथ भाजपा सरकार खड़ी है। परिवारजनों से उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में सरकार द्वारा उनकी हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि आपका भाई और आपका बेटा आपके साथ हरदम खड़ा है। इस दौरान उन्होंने परिवारजनों का हाल-चाल भी जाना। सांसद बंटी विवेक साहू ने ग्राम मछेरा में दिवंगतजन बब्बू राजबेटे, सावित्री बनके, शिवकली, लीलावती, सुकरवती एवं हथलेवा में संतोष सबनेरे के निवास स्थान पहुंचकर दिवंगतजनों के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे दिवंगतो को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें एवं शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। इस दौरान पांढुर्णा भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़, जिला उपाध्यक्ष सदन साहू, उज्जवल सिंह चौहान, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष रिजवान कुरैशी, वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, विश्वेन्द्र बैस, प्रवीण गुड्डा सूर्यवंशी, मंडल अध्यक्ष लाल सिंह बट्टी, धर्मराज कुमरे, ऋषि सोनी, रामदास पवार, मोरेश्वर मर्सकोले सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं परिवारजन व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**सांसद ने मुख्यमंत्री से दिलाई थी आर्थिक सहायता राशि**

उल्लेखनीय है कि उक्त दुखद एवं हृदयविदारक भीषण सड़क हादसे के दौरान दिल्ली प्रवास में रहते हुए भी सांसद बंटी विवेक साहू ने तत्काल ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से चर्चा कर घायलों के बेहतर एवं निःशुल्क उपचार की व्यवस्था करने का निवेदन किया था। जिसके बाद तत्काल ही घायलों को जिला चिकित्सालय में बेहतर उपचार की व्यवस्था बताते हुये घटना के जांच के आदेश भी दे दिये गये थे।

# भाजपा कार्यालय में पूर्व सैनिकों के साथ सुना प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर राष्ट्रसेवा के संकल्प को किया गया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों का विशेष सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। श्रीमती निशा गोस्वामी द्वारा पूर्व सैनिकों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया, जिन्होंने भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ पूरे मनोयोग से प्रधानमंत्री का संबोधन सुना।

कार्यक्रम में महिला मोर्चा की प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी श्रीमती स्मृति जैन, भाजपा जिला महामंत्री विजय पांडे, जिला कार्यालय मंत्री भारत घई, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती ललिता वर्मा महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा जिला पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सामूहिक श्रवण से पूर्व भाजपा के पितृ पुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए डॉ. मुखर्जी के योगदान का स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री विजय पांडे ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया।

उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर में लागू परमिट व्यवस्था का विरोध करते हुए डॉ. मुखर्जी बिना परमिट के कश्मीर पहुंचे, जहां उन्हें गिरफ्तार कर एक जर्जर भवन में नजरबंद रखा गया। उन्होंने कहा कि उपचार में गंभीर लापरवाही के कारण डॉ. मुखर्जी का निधन हुआ, जिसका बलिदान भारतीय जनसंघ और आज की भारतीय जनता पार्टी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्र प्रथम की भावना का सर्वोच्च उदाहरण है।

इसके पश्चात सभी उपस्थितजनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का श्रवण किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा देश की उपलब्धियों, जनभागीदारी, पर्यावरण संरक्षण, नवाचार, युवाओं की भूमिका, आत्मनिर्भर भारत तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए किए जा रहे प्रयासों पर व्यक्त विचारों को सभी ने गंभीरता से सुना। कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित पूर्व सैनिकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वे नियमित रूप से 'मन की बात' कार्यक्रम सुनते हैं।

# भारत स्काउट एवं गाइड के छात्रों ने पिलाई पल्स पोलियो की दवा



छिंदवाड़ा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनाखार में प्राचार्य श्रीमती प्रतिभा चैरसिया के मार्गदर्शन में एवं डी. ओ. सी. नरेंद्र शर्मा के निर्देशानुसार संचालित भारत स्काउट एवं गाइड के स्काउट मास्टर, पर्यावरण मित्र वा आकाश संगठन के महासचिव रामकिशोर धुर्वे एवं जगन्नाथ उच्च माध्य विद्या छिंदवाड़ा के स्काउट मास्टर विजय मदान द्वारा भारत स्काउट एवं गाइड के छात्रों के साथ पल्स पोलियो अभियान में सम्मलित होकर उप स्वास्थ्य केंद्र सोनाखार में 0-5 वर्ष के बच्चों को जिंदगी की दो बूँद दवा पिलाने का उत्कृष्ट सेवा कार्य किया गया। इस कार्य में राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त स्काउट मोहित उइके, दिपेश बघेल, अर्पित साहू, सुजीत विश्वकर्मा, रोहन इवनाती व गाइड हर्षा बघेल, आशा, संगीता लिंगायत, रजनी साहू सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उर्मिला इवनाती सुमन उइके सहयोगकर्ता निर्मला कारटे उपस्थित रहे।

# 5 साल तक के बच्चों को पिलाई गई पल्स पोलियो की दवा



जुन्नारदेव। पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत नगर में रविवार को 0 से 5 साल के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई इस दौरान नगर के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रो सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव में भी अभियान के अंतर्गत दवा पिलाई गई नगर के वार्ड क्रमांक 1-2 में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बड़ी संख्या में बच्चों ने पल्स पोलियो की दवा पी वहीं नगर के अन्य वार्डों में भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एएनएम की मदद से पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत दवा पिलाई गई।

# वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड कान्हा क्षेत्र द्वारा वितरित की गई डस्टबिन



जुन्नारदेव। स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत शुक्रवार 26 जून को कन्हान क्षेत्र स्थित ग्राम घानाखेड़ा मे 70 ग्रामवासियो को डस्टबिन वितरित की गयीं, साथ ही ग्रामीणों से आग्रह किया गया कि वह इन डस्टबिन का उपयोग करें कचरा डस्टबिन में ही डालें ग्राम नगर क्षेत्र एवं देश को स्वच्छ और स्वस्थ रखने में अपनी भूमिका निभाएं। डस्टबिन वितरण कार्यक्रम के दौरान विनोद जवारे, मोहन चंचलेश, ऐश्वर्या सिंह यादव ने गांव गांव घूम कर स्वच्छता अभियान के बारे में सलाहित किया एवं डस्टबिन वितरित किए।

# वन परिक्षेत्र अधिकारियों को स्थानांतरण पर दी विदाई

बिछुआ। नगर के गोनी रोड़ स्थित मंगलम् लॉन में रविवार को पेंच टाइगर रिजर्व के कुंभपानी बफरजोन के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में बीते दिवस बिछुआ से स्थानांतरित हुए कुंभपानी बफरजोन परिक्षेत्र अधिकारी एमएस मरावी, बिछुआ उत्पादन परिक्षेत्र अधिकारी सुनीता उइके, गेमरेंज गुमतरा परिक्षेत्र अधिकारी डॉ बलवंत कैशवाल को विदाई दी गई। विदाई समारोह में कुंभपानी बफर जोन परिक्षेत्र के अधिकारी-कर्मचारियों ने स्थानांतरित वन परिक्षेत्र अधिकारियों का पुष्पगुच्छ देकर और फूलमाला पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर विभागीय अमले ने परिक्षेत्र अधिकारियों के साथ में किए कार्यों को याद करते हुए कहा कि आपके कर्त्तव्य निष्ठा हमारे के लिए प्रेरणादायी है। इस मौके पर कुंभपानी बफर जोन के रेंजर एमएस मरावी ने कहा कि बड़े से बड़ा कार्य टीम के साथ कार्य में सहज हो जाता है, उन्होंने ने परिक्षेत्र के वन कर्मियों की भावना की सराहना भी की। साथ ही श्री मरावी ने अपने अनुभव भी साझा किए। बिछुआ उत्पादन रेंजर श्रीमती सुनीता उइके ने कहा की विभागीय कर्मियों के अपनत्व के कारण कभी से परिवार से दूरी का एहसास नहीं हुआ है।

# उत्कृष्ट कार्यों के लिये कलेक्टर ने किया जुनघरे और सोमकुंवर सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

सौंसर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान पांढुर्णा कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह में सौंसर के दो समर्पित अधिकारियों माणिकराव जुनघरे और महेंद्र सोमकुंवर को उनके सराहनीय प्रयासों के लिए विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। माणिकराव जुनघरे (अधीक्षक, उत्कृष्ट अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास, सौंसर) और महेंद्र सोमकुंवर (अधीक्षक, अनुसूचित जनजाति छात्रावास, सौंसर) को यह सम्मान समाज के वंचित वर्गों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया है। इन अधिकारियों ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के युवाओं और परिवारों के आर्थिक उत्थान हेतु सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं—टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर योजना और संत रविदास स्वरोजगार योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## शासकीय कन्या विद्यालय की छात्राओं को बांटे टिफिन बॉक्स

सौंसर। शनिवार को शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, सौसर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं के चेहरों पर खुशी देखते ही बनती थी। गैस कंपनी, बोरगांव द्वारा संचालित 'समृद्धि समिति' के सौजन्य से सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) के अंतर्गत विद्यालय की 150 छात्राओं को स्टील के टिफिन बॉक्स वितरित किए गए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मेंअमोल वानखेड़े और एचआर मैनेजर प्रणीत अडकनकर उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य भास्कर गावंडे की उपस्थिति में अतिथियों द्वारा छात्राओं को टिफिन भेंट किए गए।इस दौरान प्लांट हेड अमोल वानखेड़े और वरिष्ठ शिक्षक सूर्यकीर्ति काले ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें शिक्षा के महत्व और अनुशासन के बारे में प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य भास्कर गावंडे ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।आयोजन में कीर्तिसागर बागडे, रेखराज राउत, आशीष वैद्य, बाजीराव धुर्वे,राजरतन बागड़े, शकुंतला कमाले, अनीता उईके, सरोज वालके, नीरू गुरु और शशिकला नागले समेत विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# जुन्नारदेव व अंबाडा में साइबर जागरूकता अभियान तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार संचालित ₹सेल्फ क्लिक 2.0₹ अभियान के तहत छिंदवाड़ा जिले में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से जुन्नारदेव थाना एवं अंबाडा चौकी पुलिस द्वारा व्यापक साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अजय पांडे के नेतृत्व तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के निर्देशन में आयोजित इस अभियान में छात्राओं, महिलाओं और ग्रामीणों को साइबर अपराधों से बचाव के प्रभावी उपाय बताए गए। थाना जुन्नारदेव में 1930 साइबर हेल्पलाइन एवं NCRP पोर्टल संबंधी बैनर एवं स्टैंडी स्थापित कर अभियान का शुभारंभ किया गया। इसके बाद श्री नंदलाल सूद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 50 से 60 छात्राओं को साइबर बुलिंग, साइबर मॉर्फिंग, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन धोखाधड़ी एवं डिजिटल सुरक्षा की जानकारी दी गई।

## हम अपनी नई पीढ़ी को बताए, प्रतिमा क्यों लगाई जाती है ? -विवेक पटेल

# माता कर्मा और संत जगनाडे महाराज की प्रतिमा का विधायक पटेल ने किया लोकार्पण



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** भक्त माता कर्मा ने अपनी भक्ति से साक्षात भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए और अपने गोद में लेकर बालकृष्ण को खिचड़ी खिलाई। उन्होंने संसार के हर सुख दुख स्वीकारा और डट का उसका मुकाबला किया।माता कर्मा ने भक्ति के साथ गृहस्थ जीवन पूर्ण संपन्नता से जी कर नारी जाति का मान बढ़ाया। माता कर्मा की भक्ति और समर्पण को हम सब याद करते है। इस आशय के उदगार यह विधायक विवेक विक्की पटेल ने खैरलांजी में तेली समाज द्वारा माता कर्मा और संत जगनाडे महाराज की प्रतिमा के लोकार्पण के अवसर पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि बालाघाट, चंगेरा और अब तेली समाज की मांग पर खैरलांजी में मूर्ति का लोकार्पण किया गया। इस दौरान सरपंच ज्योति नगपुरे, तेली समाज के जिलाध्यक्ष सूरज करकाड़े, गेंदलाल हाड़पूरे, हरपाल मुराली, बुधराम देवारे, विकास करपगए, वेदप्रकाश करकाडे,बालचंद करकाड़े, तिलकचंद करकाडे, राजकुमार कोलते,शंकरलाल कोलते,राहुल करकाड़े,गुलाब मुराली,मदन नेवारे,मनीषा करकाड़े,कविता कोलते सहित समाज के नागरिकगण मौजूद रहे।

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि खैरलांजी में जब सामूहिक विवाह सम्मेलन था। उस समय तेली समाज ने हमसे मूर्ति लगवाने की मांग की थी और कुछ दिन पहले समाज के पदाधिकारियों के उपस्थिति में हमने भूमिपूजन किया था और अब मूर्ति लगकर तैयार है। समाज के विकास में कोई कमी नहीं होगी। मूर्ति इसलिए लगाई जाती है ताकि हमें इनका इतिहास पता रहे।अब मूर्ति की स्थापना भी हो चुकी है। अब भव्य रूप में एक मंच बनाया जाएगा। वहीं खैरलांजी चौक में गांधी चौक का सभामंच भी जर्जर हो चुका है। बहुत जल्द उसका भी पुनः निर्माण किया जाएगा। समाज में जो पीछे रह चुके है। उन्हें आगे लाने का हमारा प्रयास है। समाज को आगे लेकर जाने में बच्चों को अच्छी शिक्षा दे। ताकि भविष्य में समाज को और ऊंचाइयों पर लेकर जाए।

# प्राचीन शिव हनुमान मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



नगर के तहसील कार्यालय परिसर में स्थित अत्यंत प्राचीन शिव हनुमान मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। 25 जून से शुरू हुए इस धार्मिक अनुष्ठान के अंतिम दिन 27 जून को मंदिर में भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती, भगवान श्री गणेश, भगवान कार्तिकेय और नंदी की नवीन प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

इस त्रिदिवसीय धार्मिक महोत्सव की शुरुआत 25 जून को बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ हुई थी। पहले दिन विद्वान आचार्यों के सानिध्य में विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद एक भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई।देवी देवताओं की प्रतिमाओं के साथ निकाली गई, यह शोभायात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख चौक चौराहों और गलियों का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंची। महोत्सव के दूसरे दिन 26 जून की सुबह से ही मंदिर परिसर वैदिक मंत्रों की गूंज से सराबोर रहा। इस दौरान आचार्यों के द्वारा प्रतिमाओं के जलाधिवास, अन्नाधिवास, फ्लाधिवास और शैयाधिवास सहित अन्य सभी जरूरी वैदिक अधिवास व अनुष्ठान पूरी श्रद्धा के साथ संपन्न कराए गए। 27 जून की सुबह 7 बजे से मुख्य प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। मुख्य यजमानों की उपस्थिति में संपूर्ण शिव परिवार की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके बाद भगवान भोलेनाथ का विशेष रुद्राभिषेक किया गया। अनुष्ठान के पूर्ण होने पर पूर्णाहूति, हवन पूजन और भव्य महाआरती उतारी गई। महाआरती के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसादी का वितरण किया गया जो देर शाम तक चलता रहा।

प्राण प्रतिष्ठा के इस पावन अवसर पर विधायक विवेक विक्की पटेल, पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल अपने समर्थकों के साथ तहसील कार्यालय स्थित मंदिर पहुंचे। उन्होंने शिव परिवार और हनुमान जी के दर्शन कर भगवान का आशीर्वाद ग्रहण करने के बाद उन्होंने नगर सहित पूरे क्षेत्र की सुख शांति और समृद्धि की कामना की। कैलाश दूल्हानी ने बताया कि तहसील कार्यालय परिसर में स्थित यह शिव हनुमान मंदिर बहुत प्राचीन है और नगर वासियों की इससे गहरी आस्था जुड़ी है। भक्तों के सहयोग से इस मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है। पूर्व में यहां हनुमान जी के साथ भगवान शिव और नंदी जी की प्रतिमा स्थापित थी, जो काफी पुरानी होने के कारण खंडित हो गई थीं। शास्त्रों के नियमों के अनुसार पुरानी प्रतिमाओं का विसर्जन कर अब यहां पूरे शिव परिवार की नई प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। इस पूरे तीन दिवसीय आयोजन के दौरान तहसील परिसर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। नगर और आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराई और पुण्य लाभ कमाया।

# बुजुर्ग पर जंगली सूअर ने किया हमला

**वारासिवनी।** वारासिवनी जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत गर्रा के गर्राटोला में उस समय हड़कंप मच गया जब सुबह खेती का काम देखने गए एक 60 वर्षीय बुजुर्ग पर जंगली सूअर ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में बुजुर्ग घायल हो गए हैं, जिन्हें उपचार के लिए तत्काल सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका इलाज किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार गर्राटोला निवासी छोटेलाल पिता शोभाराम मसराम उम्र 60 वर्ष अपने परिवार के साथ गाँव में रहते हैं। उनकी खेती गर्राटोला से झाड़गांव मार्ग पर नहर के किनारे स्थित है। प्रतिदिन की तरह 27 जून की सुबह छोटेलाल पैदल ही अपने खेतों की ओर निकले थे। जैसे ही वे नहर की पार से होकर अपने खेत में दाखिल हो रहे थे, तभी रास्ते में स्थित झाड़ियों को उनका हाथ छू गया। झाड़ी में पहले से ही एक जंगली सूअर छिपा बैठा था।

# छत्रपति साहू महाराज की जयंती कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगर के वार्ड नंबर 1 स्थित महामाया बुद्ध विहार में फुले अंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह समिति के तत्वाधान में सामाजिक न्याय के प्रणेता छत्रपति साहू महाराज की जयंती कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बौद्ध उपासक और उपासिकाओं की गरिमामय उपस्थिति में प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रम के शुभारंभ में उपस्थित जनों द्वारा छत्रपति साहू जी महाराज के छायाचित्र के समक्ष मोमबत्ती प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात सामूहिक पूजा वंदना की गई और उपस्थित जनसमुदाय को उनके जीवन संघर्षों व विचारों से अवगत करवाते हुए कहाँ कि हम एक ऐसे महान दूरदर्शी समाज सुधारक और शोषितों. वंचितों के मसीहा की जयंती मना रहे हैं, जिन्होंने भारतीय समाज की नींव को समानता और न्याय से सींचा। कोल्हापुर की रियासत के राजा होने के बावजूद उनका दिल कभी महलों की चकाचौंध में नहीं अटका। उनका पूरा जीवन समाज के उस अंतिम व्यक्ति के हक की लड़ाई में बीता, जिसे सदियों से सिर उठाने की इजाज़त नहीं थी। साहू जी महाराज सिर्फ बातों के राजा नहींथे, वे बदलाव के प्रणेता थे। जब उन्होंने देखा कि राज्य के प्रशासन में केवल एक खास वर्ग का कब्ज़ा है और पिछड़े व दलित समाज को कोई मौका नहीं मिल रहा, तो उन्होंने एक क्रांतिकारी कदम उठाया। 26 जुलाई 1902 को उन्होंने कोल्हापुर प्रशासन में पिछड़े और वंचित वर्गों के लिए 50प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की। यह आधुनिक भारत के इतिहास में सामाजिक न्याय और आरक्षण की पहली शुरुआत थी। उनका मानना था कि जब तक सबको बराबरी का मौका नहीं मिलेगा, तब तक सच्चा विकास हो ही नहीं सकता। अपने राज्य में प्राथमिक शिक्षा को मुफ्त और अनिवार्य बनाया। बच्चों के लिए स्कूल और हॉस्टल खुलवाए लड़कियों की शिक्षा पर विशेष ज़ोर दिया और महिला सशक्तिकरण की नींव रखी। उन्होंने देवदासी प्रथा सती प्रथा और बंधुआ मज़दूरी जैसी कुप्रथाओं पर पूरी तरह रोक लगा दी, ऐसे कई अनेक कार्य उनके द्वारा किए गए। साहू जी महाराज का जीवन हमें सिखाता है कि पद और शक्ति का असली उपयोग दूसरों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए होना चाहिए। इस अवसर पर समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# प्राकृतिक खेती की मिसाल बने बिंझलगांव के कृषक अनिल बुधाना

## पांच साल से चला रहे अभियान, घर पर बनाई वर्मी कम्पोस्ट व जीवामृत यूनिट; सैकड़ों किसानों को जोड़ा जैविक खेती से

हरिभूमि न्यूज लांजी।



प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में लांजी विकासखंड के ग्राम बिंझलगांव के प्रगतिशील कृषक अनिल बुधाना क्षेत्र के किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बन चुके हैं। पिछले पांच वर्षों से वे स्वयं प्राकृतिक खेती अपना रहे हैं और आसपास के गांवों के किसानों को भी रासायनिक खेती छोड़कर जैविक पद्धति अपनाने के लिए लगातार प्रेरित कर रहे हैं।

अनिल बुधाना ने अपने घर पर वर्मी कम्पोस्ट यूनिट, जीवामृत यूनिट, घनजीवामृत यूनिट तथा जैविक कीटनाशक निर्माण इकाई स्थापित की है। इनसे तैयार जैविक उत्पादों का उपयोग वे अपनी खेती में करते हैं, जिससे उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ी है और लागत घटी है। वे अन्य किसानों को भी उचित मूल्य पर ये उत्पाद उपलब्ध कराते हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा किसान प्राकृतिक खेती से जुड़ सकें।

प्राकृतिक खेती के प्रचार को उन्होंने अभियान का रूप दे दिया है। वे किसानों के घर जाकर वर्मी कम्पोस्ट यूनिट स्थापित कराने में मदद करते हैं, केंचुए उपलब्ध कराते हैं और खाद तैयार होने तक तकनीकी मार्गदर्शन देते हैं। उनके प्रयासों से अनेक किसान अब खुद जैविक खाद बनाकर प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ रहे हैं।अनिल बुधाना कृषि विभाग और आत्मा परियोजना के विकासखंड तकनीकी प्रबंधक अजय बिजेवार से समय-समय पर तकनीकी मार्गदर्शन लेते हैं और नई तकनीकों को सरल भाषा में किसानों तक पहुंचाते हैं।

अनिल बुधाना का मानना है कि प्राकृतिक खेती केवल खेती की पद्धति नहीं, बल्कि मिट्टी, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा का प्रभावी माध्यम है। उनका कहना है कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों पर निर्भरता घटाकर किसान कम लागत में सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन ले सकते हैं।बिंझलगांव सहित पूरे लांजी विकासखंड में अनिल बुधाना की पहचान प्राकृतिक खेती के अग्रदूत के रूप में बन चुकी है। उनके समर्पण से कई किसान प्राकृतिक खेती अपनाकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में बढ़ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### भव्य मर्सकोले एवं पूनम चौधरी भोपाल हुए रवाना

बरघाट- शौर्य कराटे ट्रेनिंग सेंटर बरघाट के खिलाड़ी भव्य मर्सकोले एवं पूनम चौधरी 27–28 जून को भोपाल में आयोजित ओपन ऑल इंडिया कराटे टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए आज 26 जून की शाम भोपाल के लिए रवाना हुए। रवाना होने से पूर्व शंकर दयाल बिसेन (समाजसेवी), सुजीत सूर्यवंशी (विधायक प्रतिनिधि न. प. ) एवं सत्यांश भट्ट (विधायक प्रतिनिधि आईटीआई)ने खिलाड़ियों को तिलक कर शुभकामनाएँ दीं तथा उनके उज्ज्वल प्रदर्शन की कामना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इन खिलाड़ियों के प्रशिक्षक, शौर्य कराटे ट्रेनिंग सेंटर बरघाट के संचालक एवं जिला कराटे संघ के प्रशिक्षक सेंसेई संस्कार पटले हैं। यह दल जिला कराटे संघ के सचिव शिहान ओमकार कश्यप के नेतृत्व एवं सेंसेई राधिका कश्यप के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में भाग ले रहा है।



### केवलारी में 30 जून की विशेष जनसुनवाई स्थगित, अब 7 जुलाई को होगी आयोजित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में आगामी 30 जून को विकासखंड केवलारी में प्रस्तावित विशेष जनसुनवाई अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है।

अब यह विशेष जनसुनवाई 07 जुलाई को आयोजित की जाएगी। जनसुनवाई में क्षेत्र के नागरिक अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे, जिन पर संबंधित विभागों द्वारा नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन ने क्षेत्रीय आमजन से संशोधित तिथि 07 जुलाई को आयोजित होने वाली विशेष जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की है।

### दिव्यांग संघ ने एसपी से की मुलाकात

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मप्र विद्युत मण्डल अधिकारी कर्मचारी दिव्यांग संघ के सदस्यों ने एसपी कृष्ण लालचंदानी से मुलाकात की। संघ के अध्यक्ष इंजी. नरे न्द्र सिंह ठाकुर, सचिव अल्हाज असदउल्ला खान, एएस बंजारा, शैलेन्द्र सिंह गौर ने एसपी से आग्रह किया कि आपके कार्यकाल में दिव्यांग, असहाय एवं पीड़ितों को शासन की नीति-रीति के अनुरूप मिलने वाली योजनाओं को ला I दिलाने के साथ जिले में अमन-चैन के लिए कारगर कदम उठायेंगे।

### हज जाने हेतु जमा हो रहे आवेदन फार्म

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** वर्ष 2027 में हज यात्रा में जाने वालों के फार्म 22 जून से भरना प्रारंभ हो गए हैं। सेन्ट्रल हज कमेटी मु बई के सीईओ शाहनावास ने बताया कि हज के आवेदन के लिए आधारकार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज के फोटो के साथ इंटरनेशनल पासपोर्ट जिसकी वैधता 31 दिस बर 2027 हो। शहर काजी मो.रफीक अंसारी, स्टेट हज ट्रेनर अल्हाज असदउल्ला खान, अफरोज खान मिस्त्री, आजी अब्दुल वसी खान ने हज यात्रियों से आग्रह किया कि वे 22 जुलाई तक अपने फार्म जमा करें। हज से संबंधित अधिक जानकारी सेन्ट्रल हज कमेटी मु बई की बेबसाईट पर देखी जा सकती है।

# ई-विकास प्रणाली से किसानों को सुगमता से मिल रहा उर्वरक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के मार्गदर्शन में जिले में किसानों को सुगमता एवं पारदर्शी तरीके से उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए ई-विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली प्रभावी रूप से लागू की गई है। इस व्यवस्था के माध्यम से जिले में शत-प्रतिशत उर्वरक वितरण किया जा रहा है। नई प्रणाली के तहत किसान घर बैठे ई-टोकन बुक कर निर्धारित तिथि एवं समय पर संबंधित उर्वरक विक्रेता से उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं। इससे किसानों को वितरण केंद्रों पर घंटों लाइन में लगने की आवश्यकता नहीं पड़ती तथा समयबद्ध और सुविधाजनक तरीके से उर्वरक उपलब्ध हो रहा है। ई-विकास पोर्टल पर राजस्व पट्टाधारी, वन पट्टाधारी, सिकमी (ठेकानामा) वाले किसान, फार्मर आईडी से वंचित किसान, मंदिर अथवा ट्रस्ट की भूमि पर खेती करने वाले कृषक तथा ऐसे वारिस जिनके नाम भूमि का नामांतरण नहीं हुआ है, सभी के लिए ई-टोकन बुक करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके अतिरिक्त रकबे एवं फसल के अनुसार अनुशंसित उर्वरकों का पूरा उठाव करने के बाद भी यदि अतिरिक्त उर्वरक की आवश्यकता हो, तो उसकी व्यवस्था भी ई-विकास प्रणाली के माध्यम से की गई है। जिले में 01 अप्रैल 2026 से 25 जून 2026 तक 1,24,260 किसानों द्वारा ई-टोकन बुक कर 58,123 मीट्रिक टन उर्वरक का उठाव किया जा चुका है।

### किसानों से अपील

उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, सिवनी ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी वास्तविक फसल के अनुसार ही ई-टोकन बुक कर उर्वरक प्राप्त करें तथा टोकन बुक करते समय गलत फसल का चयन न करें। यदि ई-टोकन बुक करने में किसी प्रकार की समस्या आती है, तो किसान अपने कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी, पंचायत सचिव अथवा रोजगार सहायक से संपर्क कर आवश्यक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

# लायंस क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

लायंस क्लब की आयोजित बैठक में आगामी सत्र 2026–27 के लिए नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से श्री नवनीत अग्रवाल जी को अध्यक्ष, श्री मोहित मालू जी को सचिव, श्री शीतल नाहटा जी को कोषाध्यक्ष, श्री सुधीर नाहटा जी एवं श्री राजीव मिश्रा जी को उपाध्यक्ष, श्री संतोष नगपूरे को सहसचिव तथा श्री शिवम निगम को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि नई कार्यकारिणी लायंस क्लब की सेवा गतिविधियों को और अधिक प्रभावी, सक्रिय एवं जनहितकारी बनाएगी तथा समाज सेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगी। बैठक में क्लब के विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही आगामी सत्र के लिए स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, जरूरतमंदों की सहायता एवं अन्य सामाजिक सेवा गतिविधियों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। अंत में सभी सदस्यों ने लायंस क्लब के सेवा, समर्पण और मानवता के मूल्यों को आगे बढ़ाते हुए समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तैयारियों का जायजा



### कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने कार्यक्रम स्थल एवं हेलीपैड का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 01 जुलाई को प्रस्तावित सिवनी प्रवास को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं। कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार को कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने पॉलिटेक्निक मैदान स्थित कार्यक्रम स्थल एवं हेलीपैड का विस्तृत निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान विधायक श्री दिनेश राय भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मंच निर्माण, वीआईपी एवं आमजन की बैठक व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, बैरिकेडिंग, मीडिया गैलरी, नियंत्रण कक्ष तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने तथा प्रत्येक बिंदु पर विभागीय समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती मीना ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की उपस्थिति को देखते हुए सभी विभाग अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर आगंतुकों की सुविधा, सुगम आवागमन, सुरक्षा तथा मूलभूत व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही हेलीपैड पर भी सभी तकनीकी एवं सुरक्षा संबंधी तैयारियां निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों ने अपनी-अपनी तैयारियों की जानकारी दी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर सी.एल. चनाप, एसडीएम श्रीमती पूर्वी तिवारी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधानसभा में फूटा पंचायतों का 'काला चिट्ठा': सिवनी जिले की जनपद पंचायत घंसौर की ग्राम पंचायतों पर उठे ऐसे सवाल, सत्ता के गलियारों में मचा भूचाल

## 'जनता का पैसा गया कहां?' विधायक बाबा के तीखे प्रहार से अफसरशाही कटघरे में, बरेला, कटोरी ,दिवारी निर्माण कार्यों पर मांगा हिसाब

घंसौर / सिवनी जिले की जनपद पंचायत घंसौर की पंचायतों में कथित वित्तीय अनियमितताओं, अधूरे विकास कार्यों और सरकारी धन के उपयोग को लेकर अब मामला सीधे विधानसभा की चौखट तक पहुंच गया है। लखनादौन विधायक योगेन्द्र सिंह (बाबा) ने विधानसभा में ऐसा सवाल दागा है जिसने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से लेकर जिला प्रशासन तक की धड़कनें बढ़ा दी हैं। वर्षों से ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बने कई मामलों पर अब सरकार को सदन में जवाब देना पड़ेगा।

विधानसभा के प्रश्न क्रमांक 214 के माध्यम से विधायक ने ग्राम पंचायत बरेला में वर्ष 2024-25 से 2026-27 तक पंचायत निधि, 14वें एवं 15वें एवं5 वें वित्त आयोग और विभिन्न योजनाओं के तहत खर्च हुई राशि का पूरा ब्यौरा मांगा है। सबसे बड़ा सवाल यह उठाया गया है कि यदि प्रतिबंधित मदों में राशि निकाली गई या नियमों को ताक पर रखकर भुगतान हुए तो जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर क्या कार्रवाई की गई?

उन्होंने यह भी प्रश्न पूछा है कि यदि सेवा निवृत्ति से पूर्व किसी सचिव द्वारा नियम विरुद्ध राशि का आहरण किया गया है तो उसकी सेवानिवृत्ति एवं अनुकंपा संबंधी लाभो पर रोक लगाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं

विधायक के सवालों ने केवल कागजी आंकड़ों की मांग नहीं की, बल्कि पंचायतों में विकास के नाम पर हुए खर्च और धरातल पर दिखाई देने वाले परिणामों के बीच की सच्चाई को भी कठघरे में खड़ा कर दिया है। ग्राम पंचायत दिवारी में तालाब जीर्णोद्धार कार्य को लेकर भी विस्तृत जानकारी मांगी गई है। सवाल यह है कि स्वीकृत राशि कितनी थी, खर्च कितना हुआ और आज तक काम पूरा क्यों नहीं हुआ?

यहीं नहीं, शिकारा से सेराठी तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से सड़क बनाने की मांग विधानसभा में पहुंच चुकी है। विधायक ने सरकार से पूछा है कि वर्षों से प्रतीक्षित इस सड़क का निर्माण आखिर कब तक किया जावेगा। ग्रामीणों का आरोप है कि विकास के बड़े-बड़े दावे किए गए, लेकिन जमीन पर तस्वीर कुछ और ही दिखाई देती है।

विधानसभा सचिवालय से जारी निर्देशों के बाद पंचायत राज संचालनालय ने कलेक्टर सिवनी, संभागीय आयुक्त जबलपुर और जिला पंचायत सीईओ से तथ्यात्मक प्रतिवेदन तलब किया है। इससे स्पष्ट है कि मामला अब केवल फाइलों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि शासन स्तर पर इसकी गंभीर समीक्षा होगी।

राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि यदि मांगी गई जानकारी पूरी पारदर्शिता के साथ सामने आई तो कई चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की गुणवत्ता, वित्तीय प्रबंधन और जवाबदेही को लेकर उठे इन सवालों ने पूरे जिले में नई बहस छेड़ दी है।

### इनका कहना है

"जनता के खून-पसीने की कमाई से चलने वाली योजनाओं में एक पैसे की भी गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधानसभा में उठाया गया हर सवाल जनता के अधिकार और विकास के लिए है। यदि कहीं भ्रष्टाचार, लापरवाही या वित्तीय अनियमितता सामने आती है तो दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित कराने के लिए मैं पूरी ताकत से संघर्ष करूंगा।"

**योगेन्द्र सिंह (बाबा), विधायक, लखनादौन विधानसभा क्षेत्र**

## विशेष अभियान से सीमांकन प्रकरणों के निराकरण में आई तेजी, जिले में 82.46 प्रतिशत प्रकरणों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशन में जिले में लंबित सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत सभी तहसीलों में पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक (आरआई) के संयुक्त दल गठित कर प्रकरणों का त्वरित निराकरण कराया जा रहा है, जिसकी नियमित मॉनिटरिंग अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) द्वारा की जा रही है।

अभियान के दौरान गत वर्ष के 1,435 लंबित प्रकरणों तथा चालू वर्ष में दर्ज 7,780 प्रकरणों सहित कुल 9,217 सीमांकन प्रकरण निराकरण के लिए उपलब्ध थे। इनमें से विशेष अभियान के माध्यम से 5,708 प्रकरणों का निराकरण किया गया। पूर्व में निराकृत प्रकरणों सहित अब तक जिले में कुल 7,600 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है, जो कुल प्रकरणों का 82.46 प्रतिशत है।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने सभी तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं कि शेष लंबित प्रकरणों का भी विशेष अभियान चलाकर 30 जून तक शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया है कि अभियान में किसी भी प्रकार की शिथिलता, विलंब या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) को प्रभावी पर्यवेक्षण करते हुए अभियान की सतत समीक्षा कर समय-सीमा में लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

## बरघाट पुलिस की त्वरित कार्रवाईः नाबालिग बालिका सकुशल दस्तयाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री कृष्ण लालचंदानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा के निर्देश पर नाबालिगों से संबंधित अपराधों में त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना बरघाट पुलिस ने अपहत नाबालिग बालिका को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है।

दिनांक 10.05.2026 को प्रार्थी द्वारा थाना बरघाट में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि घटना दिनांक को वह परिवार सहित शादी कार्यक्रम में गए थे। घर पर अकेली नाबालिग पुत्री वापस आने पर घर में नहीं मिली। आसपास एवं रिश्तेदारी में तलाश करने पर भी कोई पता न चलने पर प्रार्थी ने आशंका जताई कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए SP सिवनी द्वारा थाना प्रभारी बरघाट को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। SDOP बरघाट श्री ललित गठरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक मोहनीश बैस के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई।

गठित टीम द्वारा तकनीकी माध्यमों से अपहता की लगातार तलाश-पतासाजी की गई। पतासाजी के दौरान पुलिस को जानकारी प्राप्त हुई कि अपहता आदिवासी नगर, नागपुर में रह रही है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए दिनांक 27.06.2026 को पुलिस टीम द्वारा अपहता को नागपुर से सकुशल दस्तयाब किया गया।

महिला अधिकारी द्वारा अपहता से पूछताछ एवं कथन लेख किए गए। अपहता ने बताया कि वह करीब एक माह पूर्व स्वयं की मर्जी से बिना बताए घर से नागपुर मजदूरी करने चली गई थी एवं वहां मजदूरी करने वाली महिलाओं के साथ रह रही थी। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई उपरांत अपहता को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

उक्त सफल कार्रवाई में SDOPललित गठरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक मोहनीश बैस, उपनिरीक्षक फुंदूलाल उइके, उपनिरीक्षक रजनी नागभिरे, आर. 846 अनिल मर्सकले एवं महिला आरक्षक 573 मालती डहेरिया का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा। सिवनी पुलिस का संदेशः बच्चों की सुरक्षा में कोई लापरवाही न बरतें। बच्चे घर से बिना बताए कहीं न जाएं, इसके लिए निरंतर संवाद रखें। किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 या नजदीकी थाने को सूचित करें।

# बोनी का समय, समितियों के चक्कर लगा रहे अन्नदाता; ऑनलाइन रिकॉर्ड में 'निल' दिखने से बढ़ी चिंता

विकासखंड सिवनी के अंतर्गत आने वाले लालमाटी क्षेत्र के ग्राम गोपालगंज में खरीफ सीजन की बोनी के बीच किसानों को डीएपी (एनपीके) खाद की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। धान और मक्का की बुवाई का समय होने के बावजूद किसानों को आवश्यक खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे अन्नदाता चिंतित और परेशान हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

किसानों का आरोप है कि शुरुआत में समिति द्वारा उपलब्ध खाद का टोकन कटवाकर उन्होंने केवल यूरिया एवं अन्य उर्वरक लिए थे, क्योंकि उस समय डीएपी उपलब्ध नहीं थी। अब जब समिति में डीएपी आने की जानकारी मिली तो किसानों ने अपने टोकन की ऑनलाइन स्थिति देखी, जिसमें डीएपी के सामने "निल" दर्शाया जा रहा है। किसानों का कहना है कि जब उन्होंने डीएपी लिया ही नहीं, तो रिकॉर्ड में "निल" कैसे दिखाया जा रहा है? इसी कारण उन्हें डीएपी का वितरण नहीं किया जा रहा है। इस स्थिति से किसानों में असमंजस और नाराजगी है। उनका कहना है कि समय पर डीएपी नहीं मिलने से धान और मक्का की बोनी प्रभावित हो सकती है। किसान लगातार समिति के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

समिति के कर्मचारियों का कहना है कि खाद की उपलब्धता और वितरण की व्यवस्था उच्च स्तर से संचालित होती है तथा वे स्वयं इस संबंध में कोई निर्णय लेने की स्थिति में नहीं हैं।

किसानों का कहना है कि पहले उन्हें अपनी उपज बेचने के लिए समितियों में लंबी कतारों का सामना करना पड़ा और अब खाद संकट के कारण खेती प्रभावित होने का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों एवं किसानों ने जनप्रतिनिधियों तथा संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि मामले की जांच कर ऑनलाइन रिकॉर्ड में आ रही गड़बड़ी को दूर किया जाए, पर्याप्त मात्रा में डीएपी उपलब्ध कराई जाए तथा किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराकर खरीफ बोनी प्रभावित होने से बचाया जाए।

## सामूहिक दुष्कर्म के दो अभियुक्त को 20-20 वर्ष का कारावास

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला सिवनी के लखनादौन थाने में पीड़िता के द्वारा दिनांक 09/11/2024 को लिखित शिकायत प्रस्तुत की ,की वह दिनांक 08/11/2024 को मजदूरी करके घर आई शाम करीब 07 बजे जब वह अपने घर पर अकेली थी ,तब लखनादौन के रहने वाले अंचल कुमरे और संजू कुमरे दोनो उसके घर में घुस गए और उसे जान से खत्म करने की धमकी देते हुए दोनो ने मारपीट किए और आरोपी संजू ने घर के बाहर जाकर बाहर से दरवाजे का सांकल लगा दिया और आरोपी अंचल ने घर के अंदर के दरवाजे की सांकल लगाकर पीड़िता को जमीन पर पटक दिया और लाइट बंद करके उसका मुंह बंद करके उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और संजू दरवाजे पर रखवाली करते रहा । उसके बाद में दोनों आरोपी ने पीड़िता को काट डालने और खत्म कर देने की धमकी देते हुए घर से भाग गए। जिससे वह डरी सहमी रही । लखनादौन पुलिस के द्वारा दोनो अभियक्त गणों के विरुद्ध फॉरेंसिक और आवश्यक साक्ष्य जुटाकर माननीय न्यायालय अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था । जिसकी सुनवाई माननीय प्रथम अपर सत्र न्यायाशीश लखनादौन की न्यायालय में की गई । जिसमे शासन की ओर से पीड़िता और अन्य गवाहों की साक्ष्य श्रीमती कीर्ति तिवारी प्रभारी लोक अभियोजक के द्वारा कराई गई और तर्क और न्याय दृष्टांत प्रस्तुत किए गए । जिस पर विश्वास करते हुए माननीय विद्वान न्यायाधीश श्रीमान संजीव कुमार पालीवाल द्वारा आरोपी अंचल और संजू दोनों आरोपी को धारा =332 बी में 03=03 वर्ष का ,धारा=75(1)(i) में 01=01 वर्ष का , धारा=115(2) में 01=01 वर्ष का , तथा धारा=70(1) सहपठीत धारा=3(5) में 20=20 वर्ष का कारावास से दंडित करने का फैसला सुनाया है ।

## कांग्रेस की समन्वय समिति के सदस्यों की बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के निर्देशन पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में जिला कांग्रेस समन्वय समिति बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा की गई। बैठक लखनादौन विधानसभा प्रभारी अरूण पवार ,सिवनी विधानसभा प्रभारी देवेन्द्र पटैल, केवलारी विधानसभा प्रभारी श्री गुलाबसिंह उइके एवं समन्वय समिति के सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में कांग्रेस द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर गठित की गई कमेटियों के संबंध में चर्चा की गई और पंचायत वार गठित समितियों को मजबूत बनाने के संबंध में रणनीति बनाकर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय को अवगत कराने हेतु प्रस्ताव पास किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिले के जो कांग्रेस पदाधिकारी गण लगातार कांग्रेस पार्टी के नेताओं के खिलाफ सोशल मीडिया में लिखते है उनकी सूची प्रदेश कांग्रेस कमेटी के समक्ष प्रस्तुत की जावेगी, ऐसा निर्णय इस बैठक में लिया गया है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि स्थानीय जन समस्याओं के लिए माह में जिला कांग्रेस कमेटी, नगर कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल, जिला भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा सामुहिक रूप से माह में दो बार प्रदेश की भाजपा सरकार और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाए। जिले भर में राहुल गांधी जी द्वारा छात्रों के हित में चलाए जा रहें छात्र गूंज कार्यक्रम अनवरत संचालित किया जाए।

## जिला यादव महासभा द्वारा स्वर्गीय सुभाष यादव जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश में सहकारिता क्रांति के जनक, पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष स्वर्गीय सुभाष यादव की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला यादव महासभा, सिवनी के प्रतिनिधिमंडल ने उनके गृह ग्राम बोरावा, जिला खरगोन पहुँचकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला यादव महासभा के प्रतिनिधियों ने कहा कि स्वर्गीय सुभाष यादव जी का सामाजिक न्याय, किसानों के कल्याण एवं सहकारिता आंदोलन को सशक्त बनाने में दिया गया योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उनका संघर्षमय जीवन, जनसेवा के प्रति समर्पण एवं समाजहित में किए गए कार्य आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। कार्यक्रम में जिला यादव महासभा, सिवनी की ओर से जिला अध्यक्ष अरुण कुमार यादव, उपाध्यक्ष सुभाष यादव, कोषाध्यक्ष रामकिशोर यादव, सुरेंद्र जैन एवं मदन पवार उपस्थित रहे। सभी ने स्वर्गीय सुभाष यादव जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों पर चलकर समाज एवं राष्ट्र की सेवा करने का संकल्प लिया। महान व्यक्तित्व कभी विदा नहीं होते, उनके विचार और आदर्श सदैव समाज का मार्गदर्शन करते हैं।

## जो पार्षद भी नहीं है वह पालिका के अंदरूनी मामलों में क्यों दखल रखते हैं-रघुवीर पटेल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विगत दिनों नगर पालिका परिषद सिवनी में एक आयोजन के समय शफीक खान पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका एवं नन्हू पंजवानी के बीच लड़ाई एवं गली गलौज की घटना की निंदा करते हुए आम आदमी पार्टी सिवनी द्वारा आरोप लगाया गया है कि पंजवानी की नगर पालिका के मामलों में इतनी अहम भूमिका क्यों है,जो पार्षद भी नहीं है वह इस प्रकार पालिका के अंदरूनी मामलों में क्यों दखल रखते हैं इस का जवाब आम जनता को परिषद के माध्यम से दिया जाना चाहिए,उक्त आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री रघुवीर पटेल ने बताया के पूर्व में जब नगर पालिका में कांग्रेस सत्ता में थी उस समय भी श्री पंजवानी का दखल इसी प्रकार रहता था एवं अब जब भारतीय जनता पार्टी सत्ता में है तब भी दखल इसी प्रकार है,विज्ञप्ति में श्री पटेल ने आरोप लगाया है कि नगर पालिका में कांग्रेस एवं भा ज पा मिलकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं जिसमें श्री पंजवानी की भूमिका महत्वपूर्ण है।




आम आदमी पार्टी ने मांग की है कि नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच होना चाहिए,इस के लिए आम आदमी पार्टी आगामी दिनों में आंदोलन करेगी एवं भ्रष्टाचार उजागर करेगी।

## भाजपा पर साधा निशाना, धमेन्द्र प्रधान का फूंका पुतला

# राज्य और केन्द्र सरकार दोनों जनविरोधी : यश घनघोरिया






हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में रविवार को नीट पेपर लीक मामले को लेकर युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया।

यह प्रदर्शन केवल नीट पेपर लीक तक सीमित नहीं रहा। इसमें किसानों की खाद और बिजली की समस्या, युवाओं को रोजगार, लाडली बहना योजना, महंगाई और आदिवासियों की जमीन से जुड़े मुद्दे भी उठाए गए। कार्यकर्ताओं ने इन समस्याओं को लेकर सरकार पर नाराजगी जताई।

कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष और स्थानीय विधायक देरी से पहुंचे। कुछ नेता और विधायक इसमें शामिल नहीं हुए। इस कारण कार्यक्रम में भीड़ कम नजर आई और कई कुर्सियां खाली रहीं। इसे लेकर कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा भी होती रही।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष यश घनघोरिया ने कहा कि नीट जैसी परीक्षा में गड़बड़ी गंभीर मामला है। उन्होंने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। साथ ही कहा कि किसानों को समय पर खाद और बिजली नहीं मिल रही है, जिससे हालात खराब हैं।

उन्होंने राज्य और केंद्र सरकार दोनों पर जनविरोधी होने का आरोप लगाया और कहा कि हर वर्ग परेशान है।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बयान पर भी घनघोरिया ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान गंभीरता को कमजोर करते हैं और नेताओं को जिम्मेदारी से बोलना चाहिए।




घनघोरिया ने दावा किया कि जनता सरकार के रवैये को समझ रही है और आने वाले समय में बदलाव देखने को मिलेगा।

## किसान गर्जना संगठन ने कहा कीमतों मे लगाम लगाएं सरकार, नहीं तो होगा उग्र प्रदर्शन

# खाद्य के रेट बढ़ने से किसानों में संकट 1350 रू से बढ़कर 2450 रू के पार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में किसान गर्जना संगठन ने खाद की बढ़ती कीमतों को लेकर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। संगठन का आरोप है कि जो खाद पहले 1350 रुपए में मिलती थी, उसकी कीमत अब बढ़कर 2450 रुपए हो गई है। इससे खरीफ सीजन (धान की बुआई) के समय किसानों की चिंता काफी बढ़ गई है।

रविवार शाम को सर्किट हाउस में हुई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में किसान गर्जना संगठन के जिलाध्यक्ष अरविंद चौधरी ने बताया कि संगठन जिलेभर की सोसायटियों में जाकर किसानों को एकजुट कर रहा है। उनकी सबसे मुख्य मांग खाद के बढ़े हुए दामों को तुरंत वापस लेने की है।



अरविंद चौधरी ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव के समय किसानों को 'मोदी की गारंटी' दी गई थी और वादा किया गया था कि धान का समर्थन मूल्य (MSP) 3100 रुपए किया जाएगा। लेकिन सरकार ने अपना यह वादा तो पूरा नहीं किया, बल्कि खाद के दाम और बढ़ा दिए, जिससे खेती पूरी तरह घाटे का सौदा बनती जा रही है।

उन्होंने बताया कि इस समय सरकार सोसायटियों के जरिए टोकन सिस्टम से खाद बांट रही है।

खुले बाजार से डीएपी (DAP) खाद पूरी तरह गायब है और जो एनपीके (NPK) मिल रहा है, उसके दाम आसमान छू रहे हैं। कीमतों के इस भारी बोझ से किसान बेहद परेशान हैं।

किसान गर्जना संगठन का कहना है कि सरकार खाद के दाम बढ़ाकर किसानों को खेती छोड़ने या आत्मघाती कदम उठाने पर मजबूर कर रही है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन जल्द ही पूरे जिले के किसानों को साथ लेकर एक बड़ा आंदोलन खड़ा करेगा और सरकार को कीमतें घटाने पर मजबूर कर देगा।

# चांगोटोला समाज सेवी मुल्लाजी का निधन

## समाज को नई दिशा और शिक्षा के लिए हमेशा रहे प्रयासरत


हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

चांगोटोला के समाज सेवी मुल्लाजी के नाम से प्रासिद्ध अब्दुल गफ्फर शाह हाजी साहब का निधन बीते कल शनिवार को लंबी बीमारी के चलते हो गया है। निधन की खबर लगते ही संपूर्ण चांगोटोला क्षेत्र में शोक की लहर छा गई।

बीते शनिवार मगरिब की नमाज के बाद उनको स्थानीय कब्रिस्तान में ईस्लामिक रिती रिवाज से सुपुर्द-ए-ख़ाक किया गया वह अपने पीछे पूरा भरा परिवार छोड़कर गए हैं उनके परिवार में एक पुत्र अब्दुल सलाम शाह तथा 6 बेटियां हैं तथा नाती पोते से पूरा भरा परिवार हैं।

### चांगोटोला के प्रथम हाजी बनने का गौरव

छोटे से गांव चांगोटोला में 10-12 वर्ष पूर्व प्रथम हज यात्रा कर हाजी बनने का गौरव उन्हें प्राप्त हो चुका था उन्होंने अपने छोटे भाई नजीर शाह के साथ हज यात्रा कर छोटे से गांव का गौरव बढ़ाया था हिंदू मुस्लिम सभी क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई दी थी तथा समरसता का अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया गया था। 80 के दशक से लेकर 2010 तक मुल्लाजी के द्वारा समाज के सदर के रूप में उनका योगदान अविस्मरणीय है पूरे समाज को



एकता के सूत्र में बांधते हुए उन्होंने बड़ी-बड़ी समस्याओं का समाधान अपनी दहलीज पर कर दिया था। बरगी डेम से विस्थापित परिवार के रूप में 80 के दशक में चांगोटोला में नए सिरे से जीवन की शुरूआत करते हुए संपूर्ण मुस्लिम समाज को नई दिशा देने के साथ साथ युवा पीढ़ी को शिक्षा के लिए हमेशा प्रेरित करते रहें। 40 वर्षों के दौरान चांगोटोला से मुस्लिम समाज की ओर से आपके द्वारा राष्ट्रीय पर्व पर ध्वजारोहण करने का गौरव भी प्राप्त हैं। तत्कालीन ग्राम प्रधान सुनील वैद्य के द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए आपसे ध्वजरोहण करवाया गया। सभी समाजों से प्रेम व्यवहार, मधुर व्यवहार की चर्चा हमेशा बनी रही। सभी धर्मों का आदर आपकी कार्यप्रणाली में देखने मिलता हैं। किन्तु पेरेलिसिस की बीमारी के चलते लंबे समय तक आप अस्वस्थ्य रहें, अस्वस्थ्य होने के दौरान भी संपूर्ण क्षेत्र के द्वारा आपसे मेल मुलाकात बनी रही। बीमारी के दौरान आपके पुत्र अब्दुल सलाम के द्वारा पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से पितृसेवा का अनूठा उदाहरण समाज में प्रस्तुत किया गया, संपूर्ण समाज में चर्चा का विषय हैं कि पुत्र के द्वारा अच्छी सेवा की गई। चांगोटोला निवासी अब्दुल सलाम शाह, कैफे सचांलक हैं, इंटरनेट के माध्यम से गांव की सेवा करते हैं, तथा पूर्व में ग्राम पंचायत चांगोटोला के कार्यकारी सरपंच रह चुके हैं।

### इनका कहना हैं

चांगोटोला ग्राम के वरिष्ठ नागरिक मुल्लाजी धार्मिक प्रवृत्ति के निष्ठावान और समरसता के उदाहरण थे, उनके निधन से शाह परिवार की नहीं अपितु संपूर्ण समाज की अपूर्णयीय क्षति हैं, मैं ईश्वर से कामना करता हूं परम पिता परेश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

**मधु भगत,**
**विधायक, परसवाड़ा**

मुल्लाजी चच्चा हमारे चांगोटोला ग्राम के गौरव थे, वो हमारे मार्गदर्शक थे उनके निधन से संपूर्ण चांगोटोला शोकाकुल हैं।

**प्रमोद ठाकरे, सरपंच**
**ग्राम पंचायत चांगोटोला**

# वारासिवनी में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, विधायक और पूर्व मंत्री ने बच्चों को दवा पिलाकर किया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

देश को पोलियो मुक्त रखने और बच्चों को गंभीर दिव्यांगता से बचाने के संकल्प के साथ आज वारासिवनी के सिविल अस्पताल में 'राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान' का विधिवत शुभारंभ हुआ। अभियान का उद्घाटन वारासिवनी-खैरलांजी के विधायक श्री विवेक विक्की पटेल और मध्य प्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री प्रदीप गुड्डा जायसवाल द्वारा बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर किया गया।

### 15,784 बच्चों को सुरक्षा कवच देने का लक्ष्य

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के तहत वारासिवनी विकासखंड में 0 से 5 वर्ष तक की आयु के कुल 15 हजार 784 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित अभिभावकों से अपील की कि वे अपने सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं। उन्होंने कहा कि टीकाकरण ही बच्चों के स्वस्थ भविष्य की नींव है, इसलिए अभियान को सफल बनाने में प्रत्येक नागरिक का सहयोग अनिवार्य है।



### घर-घर दस्तक देगी स्वास्थ्य विभाग की टीम

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यम शर्मा ने बताया कि अभियान के पहले दिन बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई गई है। अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए आगामी 29 और 30 जून 2026 को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर उन बच्चों को दवा पिलाएंगी, जो किन्हीं कारणों से आज बूथ तक नहीं पहुँच सके हैं।

### एक भी बच्चा छूटा, तो सुरक्षा चक्र टूटा

डॉ. शर्मा ने पोलियो उन्मूलन के प्रति जागरूकता फैलाते हुए जोर देकर कहा कि इस अभियान की सफलता जनसहभागिता पर निर्भर है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग का संदेश दोहराते हुए कहा, *₹एक भी बच्चा छूटा, तो सुरक्षा चक्र टूटा। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे सतर्क रहें और यह सुनिश्चित करें कि उनका बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे।

शुभारंभ अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इनमें खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यम शर्मा, बीईई श्रीमती उर्मिला बघेले, ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइज़र श्री प्रकाश डोंगरे, एएचवी श्रीमती खिमोती जघेले और एएनएम श्रीमती गीता बिसेन शामिल रहीं।

दो बूंद जिंदगी की—के इस संकल्प के साथ, वारासिवनी स्वास्थ्य विभाग ने एक बार फिर पोलियो मुक्त भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।



# अवैध रेत परिवहन पर खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई, दो ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से खनिज विभाग द्वारा रविवार को तहसील तिरोड़ी क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान ग्राम बोनकट्टा के समीप अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टरों को पकड़ा गया।

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि खनिज विभाग की टीम ने ट्रैक्टर क्रमांक MP50-AA-3244, जिसे चालक सुरेश राऊत चला रहा था, तथा ट्रैक्टर क्रमांक MP22-AB-4996, जिसे चालक अभय उइके चला रहा था, को अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पाया। दोनों वाहनों को आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस थाना कटंगी की अभिरक्षा में रखा गया है। वाहन चालकों ने पूछताछ में बताया कि रेत ग्राम बम्हनी से भरकर विक्रय के उद्देश्य से लाई जा रही थी। मामले में मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## मजदूरी से उद्यमिता तक का सफर: सिलाई और साड़ी के व्यापार से आत्मनिर्भर बनीं ग्राम बघोली की छमेश्वरी

**बालाघाट।** कहते हैं कि हौसलों की उड़ान अगर सही दिशा में हो, तो मंजिल खुद-ब-खुद पास चली आती है। लालबर्रा विकासखंड के ग्राम बघोली की रहने वाली श्रीमती छमेश्वरी ठाकरे ने इसे सच कर दिखाया है। कभी दूसरों के खेतों में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करने वाली छमेश्वरी आज न केवल खुद आत्मनिर्भर हैं, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा की एक मिसाल बन गई हैं। श्रीमती ठाकरे का जीवन तब बदला जब वे वर्ष 2016 में 'सत्यसाईं आजीविका स्वयं सहायता समूह' से जुड़ीं। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एमपीएसआरएलएम) ने उन्हें न केवल एक पहचान दी, बल्कि नियमित बचत, बैंकिंग और उद्यमशीलता का हुनर भी सिखाया। समूह के अनुशासन और प्रशिक्षण ने उनमें वह आत्मविश्वास भरा, जिसने उनके सपनों को पंख दे दिए। शुरुआत में छमेश्वरी ने घर से ही सिलाई का छोटा सा काम शुरू किया। मेहनत रंग लाई तो उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। मिशन से प्राप्त वित्तीय सहायता (सीआईएफ, सीसीएल एवं एसवीईपी योजनाओं) का उपयोग कर उन्होंने न केवल अपनी सिलाई यूनिट का विस्तार किया, बल्कि लालबर्रा में अपना सिलाई सेंटर खोल लिया। ग्राहकों की बढ़ती मांग और अपनी सूझबूझ से उन्होंने साड़ी का व्यवसाय भी शुरू किया, जो आज उनकी आय का प्रमुख जरिया बन गया है।

## जिले में 28 जून तक 46 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बालाघाट।** चालू वर्षा सत्र में बालाघाट जिले में 1 जून से 28 जून 2026 तक कुल 46 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 101 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वार्षिक वर्षा 1447 मिलीमीटर निर्धारित है। जिले में 01 से 28 जून तक 199 मिलीमीटर वर्षा हो जाना चाहिए और जून माह में 212 मिलीमीटर वर्षा होना चाहिए। कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 जून को प्रातः 8 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में 02 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस अवधि में बालाघाट तहसील में 00 मिलीमीटर, वारासिवनी में 00 मिलीमीटर, बैहर में 00 मिलीमीटर, लांजी में 08 मिलीमीटर, कटंगी में 02 मिलीमीटर, किरनापुर में 00 मिलीमीटर, खैरलांजी में 01 मिलीमीटर, लालबर्रा में 00 मिलीमीटर, बिरसा में 07 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 00 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी में 07 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। चालू वर्ष में 01 जून से 28 जून 2026 तक सबसे अधिक 115 मिलीमीटर वर्षा वारासिवनी तहसील में दर्ज की गई है, जबकि सबसे कम 07 मिलीमीटर वर्षा खैरलांजी तहसील में रिकॉर्ड की गई है। इस अवधि में बालाघाट तहसील में 56 मिलीमीटर, बैहर में 54 मिलीमीटर, लांजी में 20 मिलीमीटर, कटंगी में 18 मिलीमीटर, किरनापुर में 40 मिलीमीटर, लालबर्रा में 44 मिलीमीटर, बिरसा में 17 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 59 मिलीमीटर एवं तिरोड़ी में 78 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना हेतु भूमि पूजन, मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

राजपूत युवा मंडल ग्राम पाला एवं ब्लॉक राजपूत क्षत्रिय सभा किरनापुर के संयुक्त तत्वावधान में 26 जून 2026 को ग्राम पाला में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना हेतु विधि-विधान के साथ भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज के प्रतिभाशाली एवं मेधावी छात्र-छात्राओं तथा उनके अभिभावकों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान किरनापुर ब्लॉक के कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। समाज के वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है और



मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान नई पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। साथ ही महाराणा प्रताप के जीवन से राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और त्याग की सीख लेने का आह्वान किया गया।छात्र,छात्राओं को ये इनाम जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार के सौजन्य से प्रदान किये गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री संजय सिंह कछवाहा, अध्यक्ष जिला राजपूत क्षत्रिय सभा बालाघाट रहे। प्रमुख अतिथि के रूप में श्री राणा कल्याण सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत किरनापुर उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में श्री रणजीत सिंह चौहान (पूर्व संचालक, अपेक्स बैंक मध्यप्रदेश), श्री बृजेन्द्र सिंह चौहान, श्री सुरेन्द्र सिंह चौहान, श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, श्री नत्थू सिंह बैस तथा श्री सुशील सिंह चौहान, अध्यक्ष करणी सेना बालाघाट ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में समाज के गणमान्य नागरिकों में श्री दामोदर सिंह कछवाहा, अजय सिंह चौहान, जितेन्द्र सिंह चौहान, ललित सिंह राठौर, मनोज सिंह राठौर, टी.एस. तोमर, शैलेन्द्र सिंह चौहान, गौरव सिंह तोमर, श्रीमती सरिता गौतम, श्री सुरेन्द्र सिंह परिहार, श्री युगेन्द्र सिंह चौहान एवं श्रीमती शिवानी कछवाहा सहित विभिन्न गांवों से आए समाज के वरिष्ठजन एवं नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन श्री झालेन्द्र सिंह चौहान, अध्यक्ष ब्लॉक राजपूत क्षत्रिय सभा किरनापुर ने किया। उन्होंने समाज को संगठित रखते हुए शिक्षा, संस्कार एवं सामाजिक एकता को मजबूत बनाने का संदेश दिया।

इस आयोजन को सफल बनाने में राजपूत युवा मंडल के प्रमोद सिंह बैस, भाग्यप्रताप सिंह चौहान, सचिन सिंह राणा (उपसरपंच), जतिश सिंह बैस, भाग्यप्रताप सिंह बैस, जयप्रकाश सिंह बैस, प्रियांश सिंह बैस, करम सिंह बैस तथा मनु सिंह तोमर सहित अनेक युवाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी अतिथियों ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए भविष्य में भी समाजहित के ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने की बात कही।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। उपस्थित लोगों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना के इस अभियान को समाज के गौरव एवं नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए इसे ऐतिहासिक पहल बताया।







